>

Title: Need to allocate LPG Agencies under Rajiv Gandhi Gramin LPG Vitrak Yojana to all the States as per their population.

श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली): राजीव गांधी ग्रामीण एल.पी.जी. वितरक योजना केन्द्र सरकार की एक विशेष योजना है, जो बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का कार्य करती है। लेकिन सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में 306 एजेंसियां, तमिलनाडु में 134 एजेंसी, कर्नाटक में 48 और गुजरात में 41 एजेंसी आबंटित करने का निर्णय लिया गया है।

महोदया, मैं मंत्री महोदय जी से निवेदन करना चाहूंगा कि जिन-जिन प्रदेशों में एल.पी.जी. एजेंसियां दी जा रही हैं, उन प्रदेशों में जनसंख्या के अनुपात में एजेंसियां दी जायें और जिन-जिन प्रदेशों में नई एजेंसियां अभी तक नहीं दी गई हैं, वहां भी आबंटित की जायें।